भारत डायनामिक्स लिमिटेड
BHARAT DYNAMICS LIMITED

# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

## कंचनबाग इकाई : हैदराबाद

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**अधिसूचना**

**विज्ञापन सं.: बीडीएल/0183/04/आईटीआई शिक्षु – 2025** **अधिसूचना दि. 18.05.2026**

**ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि : 01.06.2026**

**आवेदन (हार्ड कॉपी) जमा करने की अंतिम तिथि : 08.06.2026**

..............................................................................................................................................

**विषय : ट्रेड शिक्षुता के लिए शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम (पूर्व में आईटीआई)**

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गतएक मिनीरत्न श्रेणी-1 का सार्वजनिक उपक्रम है। इसकी स्थापना वर्ष1970 में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के अंतर्गत किया गया। टैंक रोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र के विनिर्माण में अग्रणी बीडीएल, आज अगली पीढ़ी के एटीजीएम, सामरिक अस्त्र-प्रणालियाँ,लाँचर,अंतर्जलास्त्र,डिकॉय एवं परीक्षण उपकरणों के विनिर्माण के आधार के रूप में उभरा है। बीडीएल, देश की रक्षा में महत्वपूर्ण मिसाइल प्रणाली तथा अन्य अत्याधुनिक उपकरण का विनिर्माण कर रहा है और विश्व के चुनिंदा कंपनियों में से एक है जो उत्कृष्ट अस्त्र प्रणालियों के उत्पादन में सक्षम है। इस संगठन के ग्राहक सशस्त्र बलों की तीनों सेनाएँ– भारतीय थल सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना हैं।

1. निम्नलिखितट्रेडों मेंशिक्षुता अधिनियम,1961 (समय-समय पर संशोधित) के तहत बीडीएल, कंचनबाग इकाई, हैदराबाद-500058 में शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आई टी आईउत्तीर्ण योग्य अभ्यर्थियों से www.apprenticeshipindia.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।

2. **रिक्तियाँ**: शिक्षुता अधिनियम के तहत प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों की ट्रेडवारसंख्या और रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है :

| **क्र.सं.** | **ट्रेड** | **रिक्तियाँ** |
|---|---|---|
| 1 | फिटर | 03 |
| 2 | इलेक्ट्रीनिक्स मैकेनिक | 08 |
| 3 | मशीनिस्ट | 07 |
| 4 | मशीनिस्ट ग्राइंडर | 02 |
| 5 | मैकेनिक डीज़ल | 01 |
| 6 | मैकेनिक आर एंड एसी | 04 |
| 7 | टर्नर | 06 |
| 8 | वेल्डर | 02 |
| | कुल | 33 |

3. **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता**: दसवीं / एस एस सी उत्तीर्ण और संबंधित ट्रेड में आई टी आई उत्तीर्ण।

4. **आयु**:अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए आयु दि.01.06.2026 को 14 साल से कम एवं 30 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए।

5. **आयु सीमा में छूट**:

| **श्रेणी** | **छूट** |
|---|---|
| अनुसूचित जाति | 5 साल |
| अनुसचित जनजाति | 5 साल |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 3 साल |
| अनारक्षित– पी डब्ल्यू डी | 10 साल |
| अन्य पिछड़ा वर्ग – पी डब्ल्यू डी | 13 साल |
| अनुसूचित जाति/ अनुसचित जनजाति– पी डब्ल्यू डी | 15 साल |

5. **पोर्टल पर पंजीकरण संबंधी अनुदेश**:

ए) अभ्यर्थियों को पोर्टल https://apprenticeshipindia.gov.in/candidate-registrationमें शिक्षु के तौर पर पंजीकरण करना होगा।

बी) अभ्यर्थी आवश्यक निर्देश के लिए इंस्ट्रक्शनल वीडियो देख सकते हैं।

सी) अभ्यर्थी को **"एस्टैब्लिशमेंट सर्च"** चुनना होगा और **'शिक्षुता के अवसर'** में भारत डायनामिक्स लिमिटेड, कंचनबाग, हैदराबाद (Reg.No- E05203600393)चुनना होगा।

डी) पंजीकरण की अंतिम तिथि 01-जून-2026 है। पंजीकरण के समय सही आधार कार्ड नंबर (यू आई डी नंबर) देना होगा। पंजीकरण के समयनाम और जन्मतिथिका विवरण आधार कार्ड के अनुसार दर्ज किया जाना है जो दसवीं कक्षा/एसएस सी प्रमाण पत्र के अनुरूप हो। यदि इस विवरण में किसी भी प्रकार की त्रुटि हो तो पंजीकरण की आखिरी तिथि से पहले उसमें सुधारकर लिया जाए।

ई) **दसवीं कक्षा/एस एस सी, आई टी आईऔर जाति प्रमाण पत्र (मूलप्रमाण पत्र)** को स्कैन करके 'अंक तालिका' के साथ अवश्य अपलोड करना होगा (कलर कॉपी हो और साफ दिखनी चाहिए)।

एफ) पोर्टल से संबंधित पूछताछ और समस्याओं के लिएअभ्यर्थियोंसे अनुरोध है कि वे पोर्टल पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें और इंस्ट्रक्शनल वीडियो देखें।बीडीएलऐसी समस्याओं का समाधान नहीं करेगा।

7.**चयन प्रक्रिया**: शिक्षुता अधिनियम1961 के तहत प्रशिक्षण के लिए योग्यअभ्यर्थियों का चयनयोग्यता (मेरिट) के आधार पर होगा जो इस प्रकार है:

• विभिन्न ट्रेडों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की सूची अलग से बनाई जाएगी।

• अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर ट्रेडवार एक कॉमन मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। दसवीं कक्षा/एसएस सी एवंआई टी आईउत्तीर्णके लिए समान भारांक दिया जाएगा।

8. **शारीरिक स्वस्थता मानदंड**: चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण कार्य में शामिल होने से पूर्व लागू नियमों के अनुसार निर्धारित चिकित्सा परीक्षण में सफल होना अनिवार्य है।

9. **प्रशिक्षण एवंवृत्तिका**: प्रशिक्षण की व्यवस्था केंद्रीय शिक्षुता परिषद द्वारा निर्धारित मानक और पाठ्यक्रम के अनुसार की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को शिक्षुता अवधि के दौरान वर्तमान निर्देशानुसार निर्धारित दर से वृत्तिका दी जाएगी।

10. **नियम एवं शर्तें:**

ए) अभ्यर्थी द्वारा शैक्षणिक योग्यता, जन्म प्रमाण पत्र, जाति इत्यादि संबंधी मूल प्रमाण पत्रसत्यापन के लिए आवश्यकतानुसार प्रस्तुत करना होगा।

बी) शिक्षुता अधिनियम1961 के अनुसार अ.जा./अ.ज.जा/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्लूडी/सीएपी/ईबीएस के लिए आरक्षण लागू होगा।

सी) इंजीनियरिंग स्नातक एवं डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी इस शिक्षुताके लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं क्योंकि उनके लिए अलगसे शिक्षुता योजना लागू है।

डी) औसत अंकों की गणना:

$$= \frac{\text{कुल प्राप्त अंक}}{\text{अधिकतम अंक}} \times 100$$

ई) अभ्यर्थियों को टी ए / डी ए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

एफ) अधिसूचित ट्रेड की प्रशिक्षण अवधि, नियमानुसार एक वर्ष की होगी।

जी) विधिवत भरा हुआ आवेदन (हार्ड कॉपी) प्राप्त करने की अंतिम तिथिदि. 08 जून 2026 है।

एच) बीडीएल को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी के आवेदन /अभ्यर्थिता को अस्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है।

आई) भविष्य में यदि पाया जाता है कि अभ्यर्थीयोग्यता मानदंड को पूरा नहीं करता है तो उसकी अभ्यर्थिता तुरंत रद्द कर दी जाएगी और वह अभ्यर्थी अयोग्य घोषित किया जाएगा।

जे) बीडीएल कर्मचारियों के वार्ड (बच्चे/पति/पत्नी) पोर्टल पर क्र.सं.6 (ए) और (बी) में बताई गई प्रक्रिया के अनुसार रजिस्टर करने के बाद अपने आवेदन प्रबंधक (मा.सं.) शिक्षु कक्ष,भारत डायनामिक्स लिमिटेड, कंचनबाग, हैदराबाद–500 058 को दस्ती तौर पर जमा करें।

के) अधिसूचना हमारे कार्यालय की वेबसाइट http://bdl-india.inपर दी गई है। http://bdl-india.in/apprentice-connect पर क्लिक कर, ''Trade Apprenticeship_BDL_KBU_2026'' अधिसूचना चुनें। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आगे के अद्यतन / संशोधन के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट देखते रहें। जानकारी साझा करने के लिए वेबसाइट के अलावा और कोई माध्यमउपलब्ध नहीं है।

एल)अभ्यर्थियों को प्रशिक्षु पोर्टल पर भारत डायनामिक्स लिमिटेड, कंचनबाग, हैदराबाद के लिएपंजीकरण कर अ ावेदन करने के बाद, ऑनलाइन पंजीकरण की प्रति, **दसवीं कक्षा/एसएस सी, आई टी आई की अनंतिम अंक-तालिका और जाति प्रमाण पत्र की हार्ड कॉपी डाकद्वाराप्रबंधक (मा.सं.) शिक्षु कक्ष,भारत डायनामिक्स लिमिटेड, कंचनबाग, हैदराबाद – 500 058** को दि.01-06-2026 या उससे पहले भेज दें। बीडीएलमें शिक्षुता प्रशिक्षणकेचयन के लिएडाक के माध्यम से प्राप्तहार्ड कॉपी पर ही विचार किया जाएगा।

एम) बिनाऑनलाइन पंजीकरण संख्या केप्राप्तआवेदन की हार्ड कॉपी और भारत डायनामिक्स लिमिटेड, कंचनबाग, हैदराबाद की वेबसाइट www.apprenticeshipindia.gov.inपर ऑनलाइन अप्लाई न करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

एन) दसवीं कक्षा/एसएस सी, आई टी आईकी अंक-तालिका अपलोड नहीं किए गए पंजीकृत आवेदन पर भी विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों की नवीनतम रंगीन फोटो और अपलोड किए गए सर्टिफिकेट कलर कॉपी हों और वे साफ दिखाई दें।

**हस्ता./-**
शिक्षुकक्ष, कंचनबाग इकाई